लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

PARLIAMENTARIANS PAY TRIBUTES TO SHRI K. S. HEGDE/संसद सदस्यों ने श्री के.एस. हेगड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की

New Delhi, 11 June 2024: Deputy Chairman Rajya Sabha Shri Harivansh; Members of Parliament and other dignitaries paid floral tributes to former Lok Sabha Speaker Shri K.S. Hegde at his portrait in Samvidhan Sadan, on his Birth Anniversary today.

The Secretary-General of Lok Sabha Shri Utpal Kumar Singh and officers of both Lok Sabha and Rajya Sabha Secretariats also paid tributes to Shri Hegde.

Shri K.S. Hegde was an eminent parliamentarian and a highly reputed jurist. He was first elected to the Rajya Sabha in 1952 and was a Member of the House till 1957, when he resigned following his appointment as a Judge of the then Mysore High Court. Later, he functioned as the Chief Justice of Delhi and Himachal Pradesh High Court. In 1967, he was appointed as a Judge of the Supreme Court, where he continued till his resignation on 30 April 1973. In 1977, Shri Hegde was elected to the Sixth Lok Sabha from Bangalore South Constituency. On 21 July 1977, Shri Hegde was elected as the Speaker of Lok Sabha, following the resignation of Dr. Neelam Sanjiva Reddy. After demitting the Office of the Speaker in January 1980, Shri Hegde settled down at his native place in Karnataka. Shri Hegde passed away on 24 May 1990.

A booklet containing the profile of Shri K. S. Hegde, brought out in Hindi and English by the Lok Sabha Secretariat, was presented to the dignitaries.

नई दिल्ली, 11 जून 2024: राज्य सभा के उप सभापति श्री हरिवंश; संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आज पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री के.एस. हेगड़े की जयंती पर संविधान सदन में उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह तथा लोक सभा एवं राज्य सभा सचिवालयों के अधिकारियों ने भी श्री हेगड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री के.एस. हेगड़े एक प्रख्यात सांसद और प्रतिष्ठित न्यायविद् थे। वह पहली बार 1952 में राज्य सभा के लिए चुने गए और 1957 तक सदन के सदस्य रहे। 1957 में उन्होंने मैसूर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के बाद सदन से इस्तीफा दे दिया। बाद में, उन्होंने दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। 1967 में, उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया, जहां वे 30 अप्रैल 1973 को अपने इस्तीफे तक कार्यरत रहे। 1977 में, श्री हेगड़े बैंगलोर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के लिए चुने गए। डॉ. नीलम संजीव रेड्डी के इस्तीफे के बाद 21 जुलाई 1977 को श्री हेगड़े को लोक सभा

अध्यक्ष के रूप में चुना गया। जनवरी 1980 में अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद, श्री हेगड़े कर्नाटक में अपने पैतृक स्थान पर बस गये। 24 मई 1990 को श्री हेगड़े का निधन हो गया।

इस अवसर पर लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री के.एस. हेगड़े की जीवन वृत्त वाली पुस्तिका गण्यमान्य व्यक्तियों को प्रस्तुत की गई।